M.A. F.Y. (Hindi) (Choice Based)Regular Semester 2016 Sem I (New Course)

# MAHNCBCS103 : Paper-III : Elective Course : Adhunik Hindi Kavya

## (क) (आधुनिक हिन्दी काव्य)

P. Pages : 3 **GUG/W/16/8099**

Time : Three Hours Max. Marks : 80

---

सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य है।

**1.** निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्ही तीन** की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए। **30**

क) "मधुर विरक्ति भरी आकुलता
फिरती हृदय गगन में
अन्तर्दाह स्नेह का तब भी
होता उस दुर में।
वे असहाय नयन थे खलते
मुँदने उस भीषणता में
आज स्नेह का पात्र भरा था
स्पष्ट कुटिल कटुता में।"

ख) "ज्यों होता है शरद् ऋतु के बीतने से हताशा,
स्वामी सेवी श्रतिशत तूषावान प्रेमी पपीहा
वैसे ही श्रीकुँवर - वर के द्वारिका में पधारे
छाई सारी ब्रज - श्रवनि में सर्वदेशी निराशा।।"

ग) "मुझे भाग्यहीन की तू सम्बल
युग वर्ष बाद जब कई विकल,
दुःख ही जीवन की कथा रही,
क्या कहुँ आज, जो नही कही।"

घ) "देख मुझको मैं गढ़ा,
डेढ बालिश और उँचे पर चढा
और अपने से उगा मैं,
बिना दाने का चुगा मैं।
कलम मेरा नही लगता,
मेरा जीवन आप जगता।"

च) प्यास तुझे तो विश्व तपाकर
पूर्ण निकालूँगा हाला,
एक पाँव से साकी बनकर
नाचुँगा लेकर प्याला;

छ) इस सिरे से उस सिके तक सब सरिके जूर्म है,
आदमी यातो जमानत पर रिहा है या फरार
हालते इन्सान पर बरहम ना हो प्यारे
अहेते बेरहम वतन,

munotes.in

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से एक प्रश्न का उत्तर लिखिए। **10**

1) कामायनी के बौध्दिक तथा दार्शनिक धरातल पर विचार कीजिए।

**अथवा**

2) निराला की कविता 'कुकुरमुत्ता' के काव्य - सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

**3.** निम्नलिखित लघुत्तरीय प्रश्नों में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर 10 से 15 पंक्तियों में लिखिए। **20**

1) मनु ने जब श्रध्दा को पहली बार देखा, उस समय के श्रध्दा के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए।

2) राधा के चरित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

3) मधुशाला कविता का भावार्थ लिखिए अथवा मधुशाला कविता में बच्चन जी द्वारा व्यक्त किये गये विचारों पर प्रकाश डालिये।

4) निराला की कविता कुकुरमुत्ता के आधारपर कुकुरमुत्ता द्वारा स्वय को गुलाब की अपेक्षा श्रेष्ठ करने का वर्णन कीजिए।

5) निराला जी की पुत्री सरोज की मृत्यु कितनी अवस्था में हुई? निराला जी ने उसे क्या नाम दिया?

6) निराला जी ने काव्य - रचना के द्वारा पर्याप्त धन नही कमाया। उनकी यह कसक किन शब्दों में स्पष्ट हुई है?

7) राष्ट्रीय कवि के रुप में मैथिलीशरण गुप्त की विवेचन कीजिए।

**4.** निम्नलिखित लघुत्तरीय सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

1) श्रध्दा ने मनु से सहारा न खोजने की दशा कैसी बतायी?

2) 'कुकुरमुत्ता' 'कविता' के अनुसार कुकुरमुत्ता संसार में किस किस रुप में व्याप्त है।

3) अपनी कविता 'सरोज' स्मृति में कवि ने अपनी निर्धनता का क्या कारण बताया है।

4) 'गुप्तजी मानवतावादी कवि है।' स्पष्ट कीजिए।

5) महादेवी वर्मा का संक्षिप्त जीवन परिचय दीजिये।

**5.** निम्नलिखित निर्देशों या विकल्पों के आधार पर वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है। **10**

1) कुकुरमुत्ता ने अपने आपको किसका जानपूरा बनाया?
अ) दिगम्बर ब) श्वेताम्बर
क) मीरा ड) इनमें से कोई नही

2) मनु के पुछने पर श्रध्दा ने श्याम देश किसे बताया?
अ) कर्मक्षेत्र को ब) धर्मक्षेत्र को
क) ऐश्वर्य के ड) विलासिता को

munotes.in

3) कुकुरमुत्ता अपने आपको कौन - से सितारवादक के हाथ का सितार बताता है?

अ) अयूब खाँ ब) मुन्ने खाँ

क) कल्लू खाँ ड) चुन्ने खाँ

4) निराला जी ने सदा क्या हारने की बात स्वीकार की है।

अ) समर ब) स्वार्थ समर

क) दांव ड) जीवन का दांव

5) सरोज की मृत्यु किस मास में हुई?

अ) आषाढ में ब) श्रावण में

क) भादो में ड) क्वार में

6) 'कामायनी' महाकाव्य का आरम्भ किस सर्ग से हुई है।

अ) काम सर्ग ब) श्रध्दा सर्ग

क) आशा सर्ग ड) चिन्ता सर्ग

7) सुमित्रानंदन जी की प्रारम्भिक शिक्षा ------ में ही पूरी हुई।

अ) कौसानी ब) अल्मोडा

क) फर्रूखाबाद ड) भागलपूर

8) निम्न में से कौन-सा काव्य प्रसादजी का नही है।

अ) कामायनी ब) आँसु

क) लहर ड) यशोधरा

9) मैथिलीशरण गुप्त का जन्म उत्तर प्रदेश के नामक स्थान पर हुआ।

अ) झाँसी ब) चिरगाँव

क) भागलपूर ड) कौसानी

10) कामायनी में श्रध्दा किस की प्रतीक है।

अ) हृदय ब) मन

क) बुध्दी ड) इनमें से कोई नही

*****************

munotes.in

munotes.in